हरियाणा लोक सेवा आयोग पीजीटी पदों के लिए स्क्रीनिंग और सब्जेक्टिव पेपर ही लेगा

2019 और 2022 के आवेदकों को नए सिरे से करना होगा आवेदन, अलग-अलग निकलेगा विज्ञापन

डॉ. सुरेंद्र धीमान / सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 15 जून : हरियाणा लोक सेवा आयोग पीजीटी पदों की भर्ती में स्क्रीनिंग और सब्जेक्टिव टेस्ट लेगा। हालांकि पिछली बार विज्ञापन जारी होने के बाद जब आयोग ने स्क्रीनिंग और सब्जेक्टिव पैटर्न की जानकारी वेबसाइट पर दी तो कुछ उम्मीदवार हाईकोर्ट पहुंच गए। बाद में आयोग ने ये विज्ञापन वापस ले लिए। अब पीजीटी अभ्यर्थी नए विज्ञापन आने का इंतजार कर रहे हैं। आयोग अपने पैटर्न पर अड़िग है। पीजीटी पदों के आवेदन के लिए साफ्टवेयर तैयार हो रहा है। जैसे ही साफ्टवेयर तैयार होगा, तुरंत विज्ञापन जारी कर दिया जाएगा। इस बार आयोग ने जहां फैसला किया है कि स्क्रीनिंग और सब्जेक्टिव टेस्ट लिया जाएगा, वहीं यह भी फैसला किया है कि सभी को नए सिरे से आवेदन करना होगा। इसमें उन उम्मीदवारों को भी नए सिरे से आवेदन करना होगा, जिन्होंने 2019 और 2022 के विज्ञापनों में आवेदन किया था। इस बार पीजीटी के हर पद और कैटेगरी का अलग-अलग विज्ञापन जारी होगा। ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि अगर किसी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी तो पूरी भर्ती पर रोक न लग सके। जिन्होंने 2019 और 2022 के विज्ञापनों के विरुद्ध आवेदन किया था, उन्हें उम्र और एचटेट वैधता में छूट दी जाएगी। फीस भी वापस होगी। जिन्होंने 2019 के पदों के लिए आवेदन किया था, उसमें जो आवेदन की अंतिम तिथि थी, उस तिथि तक एचटेट की वैधता मानी जाएगी, जिन्होंने 2022 के पदों के लिए आवेदन किया था, उस आवेदन की आखिरी तिथि तक एचटेट की वैधता मानी जाएगी।

दैनिक सवेरा एक्सक्लूसिव

अगस्त में स्क्रीनिंग टेस्ट, नवंबर-दिसंबर में सब्जेक्टिव टेस्ट होने की संभावना

पीजीटी पदों का आवेदन साफ्टवेयर तैयार होते ही जारी होगा। आवेदन में समय लगेगा और आगामी जुलाई निकल जाएगा। अगस्त में स्क्रीनिंग टेस्ट होने की संभावना है। उसके बाद पेपरों की मार्किंग होगी। नवंबर-दिसंबर में सब्जेक्टिव टेस्ट होने की संभावना है। फिर साक्षात्कार होंगे और 31 मार्च, 2024 तक पीजीटी पदों पर अंतिम चयन होने की संभावना है।

टीजीटी पैटर्न पर हो पीजीटी का पैटर्न, कई साल से कर रहे हैं टीजीटी पैटर्न की तैयारी

पीजीटी के कुछ अभ्यर्थियों ने दैनिक सवेरा से पत्र के जरिए आग्रह किया है कि उनकी मांग एचपीएससी और सरकार तक पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा है कि पीजीटी की भर्ती 2019 में निकाली थी, जिसे बाद में वापस ले लिया गया। फिर 2022 में निकाली तो बार-बार नियम बदलने से मामला अदालत में गया और एचपीएससी ने भर्ती वापस ले ली। पिछले चार वर्षों से पीजीटी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को निराशा और मानसिक झटका लगा है। उन्होंने कहा कि एचपीएससी यह भर्ती मेरिट आधार पर करना चाहता है, जो बेहद अच्छी बात है। मगर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने टीजीटी भर्ती के लिए जो पैटर्न अपनाया है, उसी अनुसार पीजीटी का पैटर्न होना चाहिए। जब एचएसएससी उसी पैटर्न पर मेरिट पर भर्ती कर सकता है तो एचपीएससी उसी पैटर्न पर क्यों भर्ती नहीं कर सकता? चार वर्षों में कुछ महिला अभ्यर्थियों की उम्र निकल चुकी है। अभ्यर्थियों ने आयोग के अध्यक्ष से मांग की है कि पीजीटी पदों की भर्ती के लिए ऑब्जेक्टिव टाइप बिना शर्त के पैटर्न अपनाया जाए, जो एचएसएससी ने अपनाया है। यह भर्ती जल्द पूरी की जाए।

एचपीएससी तैयार कर रहा है पदों की परीक्षाओं का कैलेंडर

हरियाणा लोक सेवा आयोग विज्ञापित पदों की परीक्षाओं का कैलेंडर तैयार कर रहा है। एक-दो सप्ताह में यह कैलेंडर तैयार हो सकता है। उसके बाद कैलेंडर जारी कर दिया जाएगा। इससे उम्मीदवारों को जानकारी मिल जाएगी कि किस पद के लिए लिखित परीक्षा कब होगी ताकि वे तैयारी कर सकें। फिलहाल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साइंटिस्ट बी की परीक्षा 25 जून को स्क्रीनिंग टेस्ट होगा। इस पद के लिए सब्जेक्टिव टेस्ट अगस्त में होगा। एचसीएस एंड एलॉयड सर्विसेस की मुख्य परीक्षा अगस्त में होगी। यह भी संभावना है कि अगर किसी विज्ञापित पद की संख्या सिर्फ एक है तो उसके लिए स्क्रीनिंग या सब्जेक्टिव टेस्ट न लिया जाए। अंतिम फैसला आयोग ने करना है। शेष पदों के लिए स्क्रीनिंग और सब्जेक्टिव टेस्ट और आखिर में साक्षात्कार का पैटर्न अपनाया जाएगा।

एचएसएससी ने जारी नहीं की ग्रुप सी पदों के लिए 4 गुना उम्मीदवारों की सूची

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग 15 जून को ग्रुप सी पदों के लिए चार गुना उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं कर सका। हालांकि आयोग के अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने कहा था कि 15 जून को यह सूची जारी हो जाएगी। वैसे तो डार्क रूम सहायक और एक-दो अन्य कैटेगरी के पदों के लिए उम्मीदवारों की संख्या चार गुना से ज्यादा है, अन्य के लिए नहीं है। इसलिए डार्क रूम सहायक और अन्य कैटेगरी के चार गुना उम्मीदवारों की सूची जारी होनी थी। उम्मीदवार देर शाम तक इंतजार करते रहे मगर सूची जारी नहीं हो पाई।

हरियाणा कौशल रोजगार निगम शिक्षकों की भर्ती नए सिरे से करेगा

हरियाणा कौशल रोजगार निगम उन पदों के लिए शिक्षकों का चयन नए सिरे से करेगा, जिनके लिए उन्हें संदेश भेजे जा चुके थे। निगम के सीईओ केएम पांडुरंग ने दैनिक सवेरा को बताया कि चूंकि स्कूल शिक्षा विभाग ने जो पद भेजे थे, उनकी स्थिति बदल गई है। इसलिए जिन उम्मीदवारों को संदेश भेजे गए थे, उन्हें डिप्लायमेंट लेटर जारी नहीं हो सकते। उन्होंने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग से कहा है कि वे शिक्षकों के पदों और स्थान की सूची दोबारा भेजें। उसके बाद छांटे हुए उम्मीदवारों को डिप्लायमेंट लेटर भेजे जाएंगे।

Scanned with OKEN Scanner